# उप जिला अस्पताल के दो मुख्य प्रवेश द्वार बंद होने से मरीजों को हो रही असुविधा



बंद किया गया अस्पताल का मुख्य प्रवेश द्वार।



अस्पताल से इन्दिरा रसोई की तरफ जाने वाला गेट भी बंद है।

सुजानगढ़, (निसं)। जिले के दूसरे सबसे बडे राजकीय बगडिया अस्पताल के मुख्य दो प्रवेश द्वार अस्पताल प्रशासन द्वारा बंद कर देने से अस्पताल में भर्ती मरीजों को परेशानी का सामना करना पड रहा है।

अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार को रस्सी से बांध कर व् गेट के आगे स्ट्रकचर लगा कर बंद कर दिया है । अब सिर्फ एक ही प्रवेश द्वार से मरीजों को आने-जाने दिया जा रहा है। इस सदर्भ में शनिवार को अस्पताल की दक्षिण दिशा की तरफ बने मेडिकल के संचालनकर्ता व् शहर के नागरिको ने पीएमओ डॉ विजय कलानी से मिलकर व ज्ञापन सौंपकर आमजन के हितार्थ दक्षिण दिशा की तरफ बने गेट को खोलने की मांग की । जिस पर पीएमओ ने ज्ञापन देने आये लोगो को अस्पताल की एमआरएस की बैठक में प्रस्ताव रखने का आश्वाशन दिया। पीएमओ पर एक मेडिकल सञ्चालन कर्ता ने व्यक्तिगत स्वार्थो को पूरा करने के आरोप लगाते हुए अस्पताल के दोनों गेट बंद करने के आरोप लगाए । नरेन्द्र गुर्जर ने पीएमओ को ज्ञापन देकर अस्पताल के तीनों प्रवेश द्वार खोलकर आमजन को राहत देने की मांग की। ज्ञापन में आधा दर्जन से अधिक मेडिकल संचालकों ने कहा कि अस्पताल में उनके मेडीकल से कोई भी लपका ना तो पहले अस्पताल में मरीजों की पर्ची पकडने अस्पताल में आया ना आगे कभी आयेगा। इसलिए इन्दिरा रसोई के सामने वाला प्रवेश द्वार खोला जाए। वंही अस्पताल में सुबह से दोनों मुख्य प्रवेश द्वार बंद होने से लोगो की भारी भीड व गहमागहमी अस्पताल की गैलरी में देखने को मिली । अस्पताल में भर्ती मरीजों से मिलने आने वाले परिजनों ने बताया की अस्पताल के 2 मुख्य प्रवेश द्वार बंद कर देने से उन्हें घूम कर अस्पताल में प्रवेश करना पड रहा है, जिस कारण उन्हें परेशान होना पड रहा है । वही सुनील बिजारणिया ने पीएमओ डॉ कलानी को बताया की इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को अस्पताल में ले जाने के लिए काफी भाग दौड करनी पडती है। बिजारणिया ने कहा प्रसूति कक्ष व उपर के वार्डो में भर्ती मरीज घूमकर नीचे पहुंचते है। वंही एक एक ही तरफ गेट होने से मरीजों का दवाब अस्पताल में बढ जाता है । गुर्जर ने पीएमओ को ज्ञापन सौंपते हुए लपको को रोकने व लोगो की सुविधाओं के लिए अस्पताल के तीनो गेट खोलने की मांग की। पीएमओ डॉ. विजय कलानी ने बताया की अस्पताल में गंदगी व् आवारा पशुओ को रोकने के लिए यह गेट बंद किये गए है । एम आर एस की बैठक में प्रस्ताव रख कर गेट खोलने पर विचार किया जायेगा।

■ आमजन ने विधायक से गेट खुलाने की मांग

विधायक को करवाया अवगत - सुजानगढ विधायक मनोज मेघवाल को कांग्रेस कार्यकर्ताओ व् मेडिकल संचालको ने दूरभाष पर पीएमओ द्वारा गेट बंद करने की जानकारी दूरभाष पर दी गयी । विधायक को कार्यकर्ताओ ने बताया की अस्पताल का जब से सञ्चालन हो रहा है, तब से तीनो गेट हमेशा खुलते रहे है । लेकिन कुछ लोगो के कहने पर ये गेट बंद कर दिए गए है। जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड रहा है । उप सभापति अमित मारोठिया, बाबूलाल माली, सुनील बिजारणिया, रेवंत स्वामी, मुकुल मिश्रा, एमआरएस सदस्य रामवतार मंगलहारा, प्रदीप तोदी ने दूरभाष पर विधायक के समक्ष समस्या रखते हुए अस्पताल में पूर्व की भांति तीनो गेट खोलने की मांग की है ।

## सार-समाचार

### जैन श्वेताम्बर स्कूल में मेधावी छात्रा अंजू को स्कूटी देकर सम्मानित किया



चूरू, (कासं)। जैन श्वेताम्बर तेरापंथी उच्च माध्यमिक विद्यालय की मेधावी छात्रा अंजू शर्मा दूधवा को राज्य सरकार द्वारा स्कूटी मिलने पर विद्यालय परिवार की ओर से शनिवार को विद्यालय प्रांगण में सम्मानित किया गया। संस्था प्रधान जगदीश प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि सत्र-2019 में कक्षा-12 विज्ञान वर्ग में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की स्कूटी मैरिट में चयनित होने पर कोविड के चलते अब स्कूटी वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबन्ध कमेटी के अजय शर्मा, प्रधानाचार्य प्रेम सिंह राठौड़ ने छात्रा व उसके परिजनों को स्कूटी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सभी ने खुशी व्यक्त करते हुए छात्रा को बधाई दी। इस अवसर पर भंवरी देवी, कमल शर्मा, हितेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह ने आगन्तुकों का स्वागत किया।

### राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की बैठक

रतनगढ़, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय बैठक चिरंजी लाल धानुका आदर्श विद्या मंदिर में राजेश कौशिक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य के विद्यालयों में विद्यार्थियों की गणवेश सिलवाने से विद्यालयों को मुक्त करने एवं रेडीमेड गणवेश देने, विभाग का वार्षिक पंचांग एकमुश्त जारी करने, ठीष्मकालीन अवकाश में संस्था प्रधान एवं शिक्षकों को विद्यालय में बुलाने के अनुचित निर्देशों एवं कार्यक्रमों को तुरंत रोकने की मांग की गई। इसके साथ ही संगठन के कार्यकर्ताओं ने विद्यालय में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए। संस्था प्रधान लोकेश चौमाल ने परिंदों में निरंतर पानी डालने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षक नवरत्न महर्षि ने 200 पक्षी घर वितरित किए। इस दौरान विनोद सिसोदिया, नरेंद्र सांकृत्य, पूर्णमल दानोदिया, मनोज सारस्वत, नरेंद्र स्वामी, जगनाराम मेघवाल, सत्यनारायण टेलर, नीलेश इंदौरिया, भैराराम प्रजापत, अनिल प्रजापत, अशोक वर्मा, बनवारी जांगिड़ उपस्थित थे।

### बाप ने अपने बेटे की सलामत वापसी के लिए थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई

बिसाऊ, (निसं)। बिसाऊ के वार्ड संख्या 20 के नरेंद्र जांगिड़ ने विदेश गए अपने बेटे पूरब जांगिड़ की सलामत वापसी के लिए पिलानी खुर्द के निवासी परमेश्वर लाल जाट के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। थानाधिकारी कमलेश कुमार सैनी ने बताया कि परमेश्वर लाल जाट भूगोल में उनके बेटे के साथ पार्टनरशिप में काम किया था जो अभी वर्तमान में अपने गांव पिलानी खुद आया हुआ है नरेंद्र कुमार ने बताया कि कई बार उनसे संपर्क करने की कोशिश की परंतु संपर्क नहीं हुआ उनके घर जाने पर भी संपर्क नहीं हुआ आरोपी उसके पुत्र के साथ धोखाधड़ी कर उसका लैपटॉप भी अपने गांव लेकर आ गया नरेंद्र कुमार ने कहा है कि जल्द से जल्द कार्रवाई कर उसके पुत्र की जानकारी प्राप्त करें। मामले की जांच सिपाही वीरेंद्र सिंह को दी गई है।

### क्रिकेट प्रतियोगिता का उदघाटन आज

बिसाऊ, (निसं)। बिसाऊ मे रात्री कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता उद्घाटन पूर्व ऊर्जा मंत्री स्वर्गीय राम नारायण चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती परमेश्वरी देवी करेगी। यह प्रतियोगिता धवलपालिया जोहडा पुलिस थाने के पास आयोजित होगी बिसाऊ मे स्वर्गीय रामनारायण जी चौधरी की स्मृति में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का उदघाटन सांय 8 बजे स्वर्गीय रामनारायण चौधरी की धर्मपत्नी परमेश्वरी देवी जिला परिषद सदस्य झुंझुनूं करेगी। यह जानकारी देते हुए सरोज सुंडा ने बताया कि इस रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि परमेश्वरी देवी रहेगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंडावा विधायक रीटा चौधरी होंगी।

### चोरियों के खिलाफ आज बड़ी सभा

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनूं के मोदियों की जाव में युवा व्यवसायी अंकुर मोदी के घर हुई करीब 70 लाख की चोरी के मामले में पुलिस 15 दिन बीत जाने के बाद भी खाली हाथ है। जिसके बाद रविवार शाम छह बजे को फिर से मोदियों की जाव में पुलिस की लचर कार्यशैली के खिलाफ बैठक बुलाई गई है। जिसमें ना केवल मोदियों के जाव के लोग शामिल होंगे। बल्कि जिले के कई इलाकों में हुई चोरियों से प्रभावित लोग भी शामिल होंगे। इस बैठक को युवा वैश्य महासम्मेलन, भाजपा, वैश्य महासम्मेलन, सर्वसमाज, महावीर मंडल पिलानी समेत कई संगठनों ने समर्थन दिया है। इधर, पुलिस 15 दिन के बाद भी झुंझुनूं कोतवाली पुलिस खाली हाथ है।

### तहसील बनी बिसाऊ उपतहसील

बिसाऊ, (निसं)। बिसाऊ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने झुंझुनूं जिले की बिसाऊ उपतहसील को तहसील बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है यह जानकारी देते हुए सरोज सुंडा जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस झुंझुनूं ने बताया कि मण्डावा विधायक रीटा चौधरी के प्रयास से बिसाऊ तहसील बनने से लोगो को स्थानीय स्तर पर ही राजस्व कार्यो के निस्तारण में सुगमता होगी। इसमे 4 भूअभिलेख निरीक्षक, 13 पटवार मंडल व 46 राजस्व ग्राम शामिल होंगे। सरकार के इस फैसले का स्थानीय जनप्रतिनिधियों व आमजन ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, मण्डावा विधायक रीटा चौधरी व बिसाऊ पालिका अध्यक्ष मुस्ताक खान का आभार व्यक्त किया है ।

### नोहरे में अचानक आग लगी

बीदासर, (निसं)। कस्बे के दूंकर रोड़ पर शुक्रवार की देर शाम एक सुने नोहरे मे अचानक आग लग गई। आग लगने से नोहरे मे पड़ा घास-पुस चलकर राख हो गया। घास-फूस जलने से आग ने भयानक रूप ले लिया तो मौहल्ले के लोगो ने बीदासर पालिका मे सूचना दी। लेकिन बीदासर पालिका की दमकल खराब होने के कारण छापर से दमकल मंगाकर दमकल कर्मीयों ने आग पर काबू पाया। आग से घास-फूस के पास लगे पेड़ भी आग की चपेट में आने से मुरझा गये। लेकिन आग से किसी प्रकार का कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

## आमुखीकरण कार्यक्रम में प्रतिभागी सम्मानित



नेहरू युवा केंद्र युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वधान में चलाए जा रहे तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय आमुखीकरण कार्यक्रम के समापन पर युवा प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

चूरू, (कासं)। नेहरू युवा केंद्र युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वधान में चलाए जा रहे तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय आमुखीकरण कार्यक्रम के समापन पर युवा प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिला युवा अधिकारी एमआर जाखड़ ने बताया कि निवेशक जागरूकता कार्यक्रम के तहत युवाओं को इसके बारे में तीन दिवसीय शिविर लगाकर विस्तार से बताया गया है। हिमांशु मंगानी ने अपने उद्बोधन में युवाओं को प्रेरित किया कि कौन-कौन सी गलतियां या भ्रांतियां निवेश से जुड़ी हुई हैं। स्वदेश पूनिया ने बैंकिंग की विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। ओम फगेड़िया ने निवेश के तौर तरीके और आय बढ़ाने के बारे में बताया। भंवरलाल रुहिल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन नेमीचंद जांगिड़ ने किया। इस मौके पर लेखाकार महेश कुमार सैनी, जिला युवा सलाहकार समिति सदस्य नीरज जांगिड़, एन वाई वी लोकेश सैनी, रजनीश नायक, रीना सैनी, दीपक चौधरी, शंकर लाल शर्मा, कमल रसगनिया, अमित कुमार आदि ने आयोजकीय भूमिका निभाई।

## मरीजों के लिए जन आधार कार्ड अनिवार्य

चूरू, (कासं)। राजकीय डीबी जनरल अस्पताल में आने वाले समस्त मरीजों के लिए अब जन आधार कार्ड अनिवार्य होगा। अस्पताल अधीक्षक डॉ. हनुमान प्रसाद जयपाल ने बताया कि राज्य सरकार की महत्वकांक्षी फ्लेगशिप योजना मुख्यमंत्री नि:शुल्क निरोगी राजस्थान योजना को और अधिक प्रभावी तरीके से संचालित करने हेतु राजकीय चिकित्सालय में आने वाले सभी ओपीडी एवं आईपीडी मरीजों के लिए जन आधार कार्ड अनिवार्य कर दिया गया है ताकि रोगी को दिये गये उपचार एवं जांच का रिकार्ड भी रखा जा सके तथा रिकार्ड के साथ-साथ होने वाली बीमारियों के बारे में भी विश्लेषण किया जा सके। विशिष्ट परिस्थिति में रोगी के पास जन आधार कार्ड उपलब्ध न होने पर अधीक्षक के द्वारा इस शर्त को इस आधार पर शिथिलन किया जा सकेगा कि रोगी अविलम्ब जन आधार कार्ड भी साथ ही बना लेगा और प्रस्तुत कर देगा। इस आशय हेतु रोगी द्वारा अपना सहमति पत्र प्रस्तुत करना होगा। डॉ. जयपाल ने आदेश प्रसारित कर सभी विभागाध्यकक्षों, चिकित्सकों, कार्मिकों को राज्य सरकार के आदेशों की शत-प्रतिशत पालना सुनिश्चित करते हुए क्रियान्विति हेतु पाबन्द किया गया है।

## 'सीआई सांखला के खिलाफ यदि कोई कार्यवाही होती है तो सर्व समाज सड़कों पर उतरेगा'



लोगों ने क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन को लेकर खनन माफियाओं के खिलाफ उपखंड कार्यालय के सामने नारेबाजी की।

खेतड़ी, (निसं)। क्षेत्र में पुलिस का इकबाल कायम करने वाले सीआई विनोद सांखला के खिलाफ यदि राजनीतिक षड़यंत्र के चलते कोई कार्यवाही होती है। तो सर्व समाज अब सड़कों पर उतरेगा। क्योंकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सीआई सांखला अपना अहम योगदान निभा रहे हैं। यह बात शनिवार को सर्व समाज के प्रदेश अध्यक्ष शंकर सिंह सेफरागुवार ने उपखंड कार्यालय के सामने सीआई विनोद सांखला के समर्थन में एकत्रित जनसमूह को संबोधित करते हुए कही।

■ सर्व समाज के प्रदेश अध्यक्ष शंकर सिंह सेफरागुवार ने उपखंड कार्यालय के सामने एकत्रित जनसमूह को संबोधित किया

सुबह से ही उपखंड कार्यालय के सामने ग्रामीण क्षेत्रों से सर्व समाज की टीम के लोग इकट्ठे होने लग गए। गौ रक्षा दल के सदस्य, व्यापार मंडल व विभिन्न समाज के लोग जनसभा में मौजूद रहे। इस दौरान एक जाजम पर बैठकर सभी लोगों ने क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन को लेकर खनन माफियाओं के खिलाफ नारेबाजी की तथा 1 दिन पूर्व सीआई के द्वारा युवक को मारपीट करने की बात को निराधार बताया तथा राजनीतिक दबाव के चलते साजिश के तहत सीआई को हटाने का षड़यंत्र रचने का भी आरोप लगाया।

सर्व समाज के बैनर तले लोगों ने निर्णय लिया कि थानाधिकारी सांखला का यदि तबादला या कोई उन पर कार्यवाही होती है तो सर्व समाज चुप नहीं रहेगा। क्योंकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था और शांति व्यवस्था थानाधिकारी ने दुरुस्त कर रखी है। आमजन में उनके प्रति विश्वास है। मीटिंग के बाद सर्व समाज के लोगों ने खनन माफियाओं के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसपी के नाम तहसीलदार विवेक कटारिया को ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर अकबर खान, अनिल गुप्ता, डॉ. पारस वर्मा, अनवर अली, गोरूराम चावला, चांद मोहम्मद, इरफान, बजरंग मेहरड़ा, सुभाष जाट, हरीश, पंकज, संदीप, मनोज, गिरधारीलाल सैनी, राधेश्याम शर्मा, सुधीर कुमार, मनीष, संदीपकुमार, उम्मेद, प्रदीप कुमार, साहिल, राहुल सैनी, भूपेंद्रसिंह सोढा, राहुल कुमार, प्रियांशु, मोहित, गौतम, रजत, दुर्गेश कुमार, संदीप, नरेश कुमार, कैलाश, सुरेंद्र, हजारीलाल, किशनलाल, बुधराम, संमदर राजपूत सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

## टोल के विरोध में 28 दिन से चल रहा धरना, अनशन भी जारी



अवैध टोल वसूली बन्द करने की मांग को लेकर धरने पर बैठे लोग।

चिड़ावा, (निसं)। संयुक्त किसान मोर्चा के आव्हान पर लाल चौक पर अवैध टोल वसूली बन्द करने की मांग को लेकर धरना 28 दिन से रखा है। धरने की अध्यक्षता कामरेड बजरंग सिंह बराला ने की। क्रमिक अनशन पर सौरभ कटारिया बैठे। किसान मोर्चा की ओर से कल सुबह 11बजे लाल चौक स्टैंड हर झुंझुनूं पीडब्ल्यूडी विभाग के तीन अधिकारियों के पुतले फूंके जाएंगे।

किसान नेताओं का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी के तीन अधिकारियों ने समय सीमा बढाने में टोल माफियो से मिलकर जनता को लूटने का काम किया है। किसानों ने दोषी तीनों अधिकारियों को बेनकाब कर तुरंत नौकरी से बर्खास्त करने की मांग की है। आसपास के गांवो में कल सुबह 11बजे अवैध टोलों को हटाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। किसानों ने चेतावनी दी है कि या तो 6 जून को टोल बंद कर दिए जाएं अन्यथा 7 तारीख को जनता के साथ मिलकर टोलों को हटाया जाएगा।

धरने पर विजेन्द्र शास्त्री ,कर्म वीर चाहर, कपिल, राजेन्द्र फोगाट तारा चन्द यादव, जयसिंह हलवाई, महेश चाहर, सतवीर योगी, देवेन्द्र पूनिया, सतपाल चाहर कामरेड महावीर यादव कलगांव आदि शामिल हुए ।

## निबंध प्रतियोगिता परिणाम जारी

सादुलपुर, (निसं)। अणुव्रत समिति द्वारा आयोजित 'नशा नाश का द्वार' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का तीन स्कूलों का परिणाम शनिवार को जारी किया गया। अणुव्रत समिति अध्यक्ष एवं प्रतियोगिता इंचार्ज कमल बोथरा ने बताया इन तीन स्कूलों से 43 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें मोहता बालिका विद्यालय से कक्षा 10वीं की छात्रा धारिका जांगिड़ ने प्रथम, कक्षा 12वीं की छात्रा हर्षिता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। साथ ही गीता देवी बालिका विद्यालय से कक्षा 12वीं की छात्रा निशा भारद्वाज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है एवं कॉस्मिक चिल्ड्रेन अकादमी से कक्षा 7 वीं के छात्र दीपक प्रजापत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अणुव्रत समिति अध्यक्ष कमल बोथरा, संस्था इंचार्ज सुमित्रा चौधरी, प्राध्यापक अनिता चौधरी, गीता देवी, प्रिंसिपल सुरेश, राधेश्याम, कॉस्मिक से निदेशक रमेश चन्द्र आदि ने चारों विजेताओं को बधाई दी।

## पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया से मुलाकात की



चूरू के वसुंधरा राजे समर्थक मंच के विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष एडवोकेट रतन स्वामी बरौला ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया से मुलाकात की।

चूरू, (कासं)। चूरू के वसुंधरा राजे समर्थक मंच के विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष एडवोकेट रतन स्वामी बरौला ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया से उनके जयपुर स्थित आवास पर मुलाकात की।

■ वसुंधरा राजे को मंच की गतिविधियों से अवगत करवाया

इस मौके पर एडवोकेट रतन स्वामी बरौला ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया को गुलदस्ता देकर सम्मान किया। इस दौरान रतन स्वामी बरौला ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया को वसुंधरा राजे समर्थक मंच की गतिविधियों से अवगत करवाया।

## जनसुनवाई की

रतनगढ़, (निसं)। देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूसाराम गोदारा ने जन समस्याओं को लेकर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए हुए लोगों से जनसुनवाई कर अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूसाराम गोदारा ने कहा कि राजस्थान सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को कैसे मिले इस आधार पर कार्य किया जाएगा सरकारी योजनाओं से आम लोगों को कैसे लाभ मिले इसको लेकर कार्यकर्ताओं द्वारा जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाएगी किसानों के बकाया पड़े कृषि कनेक्शनों को शीघ्र चालू करने की मांग की इस अवसर पर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरविंद चाकलान देहात अध्यक्ष भानीराम मेघवाल पूर्व प्रधान गिरधारी लाल बांगड़वा उपप्रधान रक्षपाल नायक कांग्रेस नेता सुरेंद्र हुड्डा सरपंच राजेंद्र खिलेरी पार्षद रामवीर सिंह राईका कयूम गोरी इंदरचंद बाबल हीराराम नेन चुन्नीलाल धतरवाल बाबू राम मेघवाल इंद्राज बाबल कानाराम सेन भागीरथ खीचड़ बजरंग किलका जाकिर हुसैन पार्षद नूर मोहम्मद, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मित्र परिषद् ने किया सांवरमल गहनोलिया का अभिनन्दन



सांवरमल गहनोलिया के जिला शिक्षा अधिकारी पद पर पदोन्नत होने व एडीपीसी समसा में कार्यग्रहण करने पर मित्र परिषद की ओर से नगरश्री में अभिनंदन किया गया।

चूरू, (कासं)। सांवरमल गहनोलिया के जिला शिक्षा अधिकारी पद पर पदोन्नत होने व एडीपीसी समसा में कार्यग्रहण करने पर मित्र परिषद की ओर से नगरश्री में अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमल कोठारी ने की। कार्यक्रम के विषिष्ट अतिथि हरिसिंह, डॉ. शंकर सिंह गौड़, समाजसेवी हसन रियाज चिश्ती, कपड़ा व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुनील भाऊवाला थे।

इस अवसर पर अतिथियों ने गहनोलिया का माल्यार्पण कर, शॉल ओढ़ाकर व साफा बांधकर अभिनन्दन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने सांवरमल गहनोलिया के संघर्षपूर्ण जीवन तृतीय श्रेणी अध्यापक से जिला शिक्षा अधिकारी के सफर तक का परिचय दिया।

समारोह में बृजेंद्र दाधीच, खालिद तुगलक, अमजद तुगलक जाकिर हुसैन, प्रेमसिंह इन्दा, रामकरण गोदारा, कृष्ण कुमार महर्षि, कमल कुमार दाधीच, श्याम सुंदर शर्मा, बजरंग लाल सैनी, अर्जुन सिंह राठौड़, गजानंद खेड़ीवाल, मनमोहन सिंह सैनी, रामावतार लोहिया, हनुमान प्रसाद आदित्य, कमल कुमार जालान, किशन लाल गहनोलिया, मित्र परिषद के अध्यक्ष संदीप पाटिल, राजेंद्र कुमार चौबे, भागीरथ प्रसाद शर्मा, बाबूलाल बुनकर, मुराद खान, कैलाश चंद्र खेड़ीवाल, भोपाल सिंह, पूर्णा राम माहिच, लालचंद गहनोलिया, अनिल प्रकाश कानखेडिया, डॉ. नितेश तोषाण, पूनमचंद सेवलिया, महेंद्र कुमार सेवलिया, अजय लोहिया, प्रताप सिंह नाथावत आदि उपस्थित रहे। प्रशस्ति पत्र का वाचन बृजेंद्र शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक बाबूलाल शर्मा ने किया।

## बॉक्सर कल्पना गढवाल कजाकिस्तान जाएगी



बॉक्सर कल्पना गढवाल

सादुलपुर, (निसं)। द्रोणाचार्य नेशनल बॉक्सिंग एकेडमी की बॉक्सर कल्पना गढवाल पुत्री बलवान सिंह का चयन इंडियन वूमेन बॉक्सिंग टीम में होने पर गाँव सहित क्षेत्र में खुशी की लहर है।

ज्ञातव्य है कि इसका ट्रेनिंग और कॉम्पिटिशन टूर्नामेन्ट कजाकिस्तान (अस्थाना) में 14 जून से 5 जुलाई 2022 तक होगा और चयनित खिलाडियों को कजाकिस्तान जाना होगा। वहीं पर ही इनके प्रशिक्षण के साथ-साथ मुकाबले भी होंगे। कल्पना का चयन 66 किलोग्राम भार वर्ग कैटेगरी में हुआ है। कोच अनूप कुमार का कहना है कि कल्पना बचपन से ही यहाँ राजगढ द्रोणाचार्य अकादमी में तैयारी कर रही है। तथा 2016 में अकादमी संचालित हुई थी, उसी समय से कल्पना गढवाल पदक जीत रही है। द्रोणाचार्य अवार्डी अनूप कुमार बघेला ने कहा कि ढिगारला के साधारण किसान परिवार की बेटी का इस तरह सिलेक्शन होना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। गौरतलब है कि कल्पना जूनियर नेशनल-2019 में सिल्वर मेडल, यूथ नेशनल-2021 में सिल्वर मेडल, खेलो इंडिया-2020 में ब्रोंज मैडल प्राप्त कर चुकी है। वहीं इनके चयन होने पर कोच रोहित टोकस, शिक्षक संघ के मनोज पूनिया, चरणसिंह गढवाल, धोलू, ओम प्रकाश ठेकेदार कालरी, राकेश लम्बोर आदि नें मिठाईयां वितरित कर खुशी मनाई एवं एकेडमी के खिलाडियों का हौसला बढाया।